# UGC NET PAPER 2 JUNE 24, 2007 SHIFT 1 HISTORY QUESTION PAPER

**J—0607**

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Serial No. of the booklet should be entered in the Answer-sheets and the Serial No. of Answer Sheet should be entered on this Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या उत्तर-पत्रक पर अंकित करें और उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# HISTORY

## PAPER – II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**Read the passage given below and answer the questions that follow, based on your understanding of the passage :**

Many authorities may doubt that Indian thought had any effect on that of the ancient West, but there can be no doubt of its direct and indirect influence on the thought of Europe and America in the last century and a half, though this has not received adequate recognition. This influence has not come by way of organized neo-Hindu missions. The last eighty years have seen the foundation of the Theosophical Society, of various Buddhist societies, and of societies in Europe and America looking for inspiration to the saintly 19th-century Bengāli mystic, Paramahamsa Rāmakrishna, and to his equally saintly disciple, Swāmī Vivekānanda. Lesser organizations and groups have been founded in the West by other Indian mystics and their disciples, some of them noble, earnest and spiritual, others of more dubious character. Here and there Westerners themselves, sometimes armed with a working knowledge of Sanskrit and first-hand Indian experience, have tried to convert the West to a streamlined Yoga or Vedānta. We would in no way disparage these teachers or their followers, many of whom are of great intellectual and spiritual calibre; but whatever we may think of the Western propagators of Indian mysticism, we cannot claim that they have had any great effect on our civilization. More subtle, but more powerful, has been the influence of Mahātmā Gāndhī, through the many friends of India in the West who were impressed by his burning sincerity and energy, and by the ultimate success of his policy of non-violence in achieving India's independence. Greater than any of these influences, however, has been the influence of ancient Indian religious literature through philosophy.

The pioneers of the Asiatic Society of Bengal quickly gained a small but enthusiastic following in Europe, and Goethe and many other writers of the early 19th century read all they could of ancient Indian literature in translation. We know that Goethe borrowed a device of Indian dramaturgy for the prologue to "Faust", and who can say that the triumphant final chorus of the second part of that work was not in part inspired by the monism of Indian thought as he understood it ? From Goethe onwards most of the great German philosophers knew something

Prepp
Your Personal Exams Guide

# इतिहास
## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**निम्नलिखित गद्यांश का अध्ययन कीजिये और क्षमता के अनुरूप दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

बहुत से विद्वानों को इसमें सन्देह हो सकता है कि भारतीय विचारधारा का प्राचीन पश्चिम की विचारधारा पर कोई प्रभाव था, परन्तु पिछली डेढ़ शताब्दी में यूरोप तथा अमेरीका की विचार धारा पर उसके प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभाव के सम्बन्ध में कोई सन्देह नहीं हो सकता यद्यपि इसे पर्याप्त रूप से स्वीकार नहीं किया गया है। यह प्रभाव संगठित नव-हिन्दू मिशनों के द्वारा नहीं आया है। पिछले अस्सी वर्षों में थियोसोफिकल सोसायटी, विभिन्न बौद्ध सोसायटियों तथा यूरोप एवं अमरीका में 19 वीं शताब्दी के बंगाली आध्यात्मवादी पुण्यात्मा परमहंस रामकृष्ण तथा उनके समान ही पुण्यात्मा शिष्य स्वामी विवेकानन्द से प्रेरणा प्राप्त करने वाली सोसायटियों की स्थापना हुई है। कुछ अन्य भारतीय आध्यात्मवादियों एवं उनके शिष्यों द्वारा जिनमें से कुछ तेजस्वी, गम्भीर, आध्यात्मिक तथा कुछ सन्दिग्ध चरित्र के हैं, पश्चिम में छोटे-छोटे संगठनों एवं संघों की स्थापना की गयी है। यत्रतत्र स्वयं पाश्चात्य व्यक्तियों ने भी, जिन्हें संस्कृत का काम-चलाऊ ज्ञान एवं प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त है, कभी-कभी पश्चिम को योग अथवा वेदान्त ग्रहण कराने का प्रयास किया है। हम इन शिक्षकों अथवा उनके अनुयायियों की किसी प्रकार उपेक्षा नहीं करेंगे क्योंकि उनमें से बहुत-से महान बुद्धिमत्तापूर्ण एवं आध्यात्मिक चरित्रबलयुक्त हैं परन्तु हम भारतीय आध्यात्म विद्या के पश्चिमी प्रचारकों के विषय में चाहे कुछ भी विचार करें, हम यह दृढ़तापूर्वक नहीं कह सकते हैं कि उनका हमारी सभ्यता पर कोई महान प्रभाव पड़ा है। पश्चिम में भारत के उन अनेक मित्रों द्वारा महात्मा गाँधी का प्रभाव अधिक सूक्ष्म परन्तु अधिक शक्तिशाली रहा है जो उनकी ज्वलन्त निष्कपटता एवं तेजस्विता तथा भारतीय स्वतन्त्रता-प्राप्ति में अहिंसा की नीति की पूर्ण सफलता से प्रभावित हुए थे। इन समस्त प्रभावों से अधिक बड़ा प्रभाव दर्शनशास्त्र द्वारा प्राचीन भारतीय धार्मिक साहित्य का रहा है।

बंगाल की एशियाटिक सोसायटी के संस्थापकों को शीघ्र ही यूरोप में थोड़े-से परन्तु उत्साही अनुयायी प्राप्त हो गये और गेटे तथा 19 वीं शताब्दी के प्रारम्भ के बहुत-से अन्य लेखकों ने अनुवाद के रूप में प्राचीन भारतीय साहित्य में जो कुछ वे पढ़ सकते थे, सब पढ़ा। हम जानते है कि गेटे ने ''फास्ट'' की प्रस्तावना के लिए भारतीय नाट्यशास्त्र की एक युक्ति का उपयोग किया और कौन कह सकता है कि उस कृति के द्वितीय भाग का सफल अन्तिम समूह गान अंशतः भारतीय विचारधारा के गेटे द्वारा समझे हुए ब्रह्मवाद से अनुप्राणित नहीं था? गेटे के पश्चात् अधिकांश महान जर्मन दार्शनिक भारतीय दर्शन के विषय में कुछ-न-कुछ जानते

of Indian philosophy. Schopenhauer, whose influence on literature and psychology has been so considerable, indeed openly admitted his debt, and his outlook was virtually that of Buddhism. The monisms of Fichte and Hegel might never have taken the forms they did if it had not been for Anquetil-Duperron's translation of the Upanisads and the work of other pioneer Indologists. In the English-speaking world the strongest Indian influence was felt in America, where Emerson, Thoreau and other New England writers avidly studied much Indian religious literature in translation, and exerted immense influence on their contemporaries and successors, notably Walt Whitman. Through Carlyle and others the German philosophers in their turn made their mark on England, as did the Americans through many late 19th-century writers such as Richard Jeffries and Edward Carpenter.

Though in the contemporary philosophical schools of Europe and America the monistic and idealist philosophies of the last century carry little weight, their influence has been considerable, and all of them owe something at least to ancient India. The sages who meditated in the jungles of the Ganga Valley six hundred years or more before Christ are still forces in the world.

**1.** The objectives of the author is to :

(A) Describe the effect of Indian thought on the thought of the western world

(B) Describe the influence of Neo-Hindu missions in Europe and America

(C) Describe the influence of Gandhian thought on the west

(D) Describe the spread of Yoga and Vedanta in the west

**2.** According to the author, during recent times, the more subtle and powerful impact was that of the thoughts of :

(A) Swami Vivekananda  (B) Theosophical Society

(C) Mahatma Gandhi  (D) Paramahamsa Ramakrishna

**3.** Who among the following was a German philosopher to openly admit his debt to Indian thoughts ?

(A) Emerson  (B) Walt Whitman

(C) Schopenhauer  (D) Thoreau

**4.** Where in the English speaking world was the influence of Indian thought felt strongest ?

(A) Europe  (B) England

(C) Canada  (D) America

रहे। शोपेनहावर ने, जिसका प्रभाव साहित्य एवं मनोविज्ञान पर अत्यधिक रहा है, वस्तुत: स्पष्ट रूप से उसके ऋण को स्वीकार किया और उनका दृष्टिकोण वास्तव में बौद्ध धर्म सम्बन्धी था। फिशे और हीगल के ब्रह्मवाद का कदापि यह स्वरूप न रहा होता यदि ऐंक्विटिल ड्यूपरन के उपनिषदों के अनुवाद तथा अन्य प्रमुख भारतीय ज्ञानवेत्ताओं की रचनाएँ न हुई होतीं। अंग्रेजी भाषा-भाषी संसार में सबसे अधिक प्रभावशाली भारतीय प्रभाव का अनुभव अमरीका में हुआ जहाँ इमर्सन, थोरो तथा अन्य न्यू इंग्लैण्ड के लेखकों ने उत्सुकता से बहुत अधिक भारतीय धार्मिक साहित्य का अध्ययन अनुवाद के रूप में किया और अपने समसामयिकों एवं उत्तराधिकारियों में विशेष रूप से वाल्ट ह्विटमैन पर अत्यधिक प्रभाव डाला। कार्लायल तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा जर्मनी के दार्शनिकों ने इंग्लैण्ड को प्रभावित किया जैसा कि अमरीका वालों ने रिचर्ड जेफरीज तथा एडवर्ड कारपेण्टर जैसे अनेक 19वीं शताब्दी के अन्त के लेखकों द्वारा किया।

यद्यपि यूरोप और अमरीका की समसामयिक दार्शनिक विचारधारा में अन्तिम शताब्दी के ब्रह्मवाद एवं आदर्शवाद का बहुत कम महत्त्व है तथापि उनका प्रभाव अत्यधिक रहा है और वे सब किसी-न-किसी रूप में प्राचीन भारत के ऋणी हैं। वे ऋषि जिन्होंने ईसा से 600 अथवा और भी अधिक वर्ष पूर्व गंगा की घाटियों में तपस्या की थी, अब भी विश्व में प्रभावशील हैं।

**1.** लेखक का लक्ष्य है :

(A) भारतीय विचारधारा का पश्चिमी जगत की विचारधारा पर प्रभाव का वर्णन करना।

(B) नव-हिन्दू मिशनों का यूरोप और अमेरिका में हुए प्रभावों का वर्णन करना

(C) गांधीवादी विचार का पश्चिमी देशों पर हुए प्रभाव का वर्णन करना

(D) योग और वेदान्त का पश्चिम देशों में विस्तार का वर्णन करना

**2.** लेखक के अनुसार आधुनिक युग में सर्वाधिक सूक्ष्म एवं शक्तिशाली प्रभाव किसके विचारों का था?

(A) स्वामी विवेकानन्द (B) थियोसोफिकल सोसायटी

(C) महात्मा गांधी (D) परमहंस रामकृष्ण

**3.** निम्नांकित में से कौन जर्मन दार्शनिक था जिसने भारतीय विचारधारा का ऋण खुलेआम स्वीकार किया है?

(A) इमर्सन (B) वाल्ट ह्विटमैन

(C) शोपेनहावर (D) थोरो

**4.** अंग्रेजी भाषा-भाषी संसार में कहाँ भारतीय विचारधारा का प्रभाव सर्वाधिक अनुभव किया गया?

(A) यूरोप (B) इंग्लैण्ड

(C) कनाडा (D) अमेरिका

5. The approach of the author to develop the theme of the passage is :

(A) Analytical (B) Descriptive

(C) Laudatory (D) Biased

6. 'Man like creature', which racially differed from 'Homo Sapiens' is designated as :

(A) Neanderthal (B) Pithecanthropus

(C) Sinanthropus (D) Hominid

7. Match List - I with List - II and select the correct answer from the code given below :

| ***List - I*** (***Harappan site***) | | ***List - II*** (***Geographical Location***) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Satka - Kh | (i) | Punjab |
| (b) | Shortughai | (ii) | Afghanistan |
| (c) | Kotlanihangakhan | (iii) | Baluchistan |
| (d) | Deshalpur | (iv) | Gujarat |

***Code :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

8. Which of the following weapons of war have not been found in the Harappan culture ? Select the correct answer from the code given below :

(i) Bows and Arrows (ii) Swords

(iii) Shields (iv) Helmets

***Code :***

(A) (i) only (B) (ii) and (iii)

(C) (i), (iii) and (iv) (D) (ii), (iii) and (iv)

9. Which Harappan site has yielded the evidence of stone-architecture in the form of a big gate, circular pillar etc. ?

(A) Dhaulavira (B) Banawali

(C) Rakhigarhi (D) Bhagawanpura

**5.** गद्यांश के विषय को विकसित करने के लिये लेखक की विधि है :

(A) विश्लेषणात्मक (B) विवरणात्मक

(C) प्रशंसात्मक (D) पक्षपातपूर्ण

**6.** 'मानव सम प्राणी', जो प्राज्ञ मानव ('होमो सैपियन') से प्रजाति रूप से भिन्न था, उसे कहा जाता है :

(A) नियन्डर्थल (B) पिथेकैन्थ्रोपस (C) सिनान्थ्रोपस (D) होमीनिड

**7.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये।

| ***सूची - I*** ***(हड़प्पा संस्कृति का स्थल)*** | | ***सूची - II*** ***(भौगोलिक स्थिति)*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | सुत्का-कोह | (i) | पंजाब |
| (b) | शोर्तुघई | (ii) | अफगानिस्तान |
| (c) | कोटलानिहंगखाँ | (iii) | बलुचिस्तान |
| (d) | देशलपुर | (iv) | गुजरात |

***कोड :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**8.** युद्ध के निम्नलिखित शस्त्रों में से कौन हड़प्पा संस्कृति में उपलब्ध नहीं हुये हैं? नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(i) धनुष और बाण (ii) तलवार

(iii) ढ़ाल (iv) शिरस्त्राण

***कोड :***

(A) केवल (i) (B) (ii) तथा (iii)

(C) (i), (iii) तथा (iv) (D) (ii), (iii) तथा (iv)

**9.** हड़प्पा संस्कृति के किस स्थल से एक विशाल द्वार, वृत्ताकार स्तम्भ आदि के रूप में पाषाण-स्थापत्य के उदाहरण प्राप्त हुये हैं?

(A) धौलावीर (B) बणावली (C) राखीगढ़ी (D) भगवानपुरा

10. Which features help us in identifying with S′iva the figure occurring on Harappan seals ? Select the correct answer from the code given below :

(i) It is represented with a trident

(ii) It is seated in the yogic posture

(iii) It is surrounded by animals

(iv) It is accompanied by a Parvati like female figure

***Code :***

(A) (i) and (ii) (B) (ii) and (iii)

(C) (i), (ii) and (iii) (D) (ii), (iii) and (iv)

11. Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A)** : The importance of irrigation to Indian agricultural conditions was fully recognized.

**Reason (R)** : The Arthaśāstra refers to a water tax which was regularly collected wherever the state assisted in providing irrigation.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true, but **(R)** is false

(D) **(A)** is false, but **(R)** is true

12. Arrange the following Greco - Roman authors in the chronological sequence. Select the correct answer from the code given below :

(1) Ktesias (2) Pliny (3) Strabo (4) Ptolemy

***Code :***

(A) (1) (3) (2) (4)

(B) (1) (4) (3) (2)

(C) (4) (1) (2) (3)

(D) (4) (3) (2) (1)

**10.** किन विशेषताओं के आधार पर हड़प्पा संस्कृति की मुद्राओं पर मिलने वाली आकृति की पहचान शिव से की जाती है? नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(i) इसे त्रिशूल के साथ दिखाया गया है।

(ii) इसे योगी की मुद्रा में दिखाया गया है।

(iii) इसे पशुओं से घिरा हुआ दिखाया गया है।

(iv) इसे पार्वती जैसी आकृति के साथ दिखाया गया है।

**कूट :**

(A) (i) तथा (ii)
(B) (ii) तथा (iii)
(C) (i), (ii) तथा (iii)
(D) (ii), (iii) तथा (iv)

**11.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को **कथन (A)** कहा गया है और दूसरे को **कारण (R)** :

**कथन (A)** : भारतीय कृषि की परिस्थितियों के लिये सिंचाई के महत्व की पूरी मान्यता थी।

**कारण (R)** : अर्थशास्त्र में एक जल कर का उल्लेख मिलता है जो उन सभी स्थानों से नियमित रूप से लिया जाता था जहाँ सिंचाई उपलब्ध कराने में राज्य की सहायता रहती थी।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(C) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(A)** गलत है, किन्तु **(R)** सही है।

**12.** निम्नलिखित ग्रीको-रोमन लेखकों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिये। नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) टीसियस (2) प्लिनी (3) स्ट्रैबो (4) टालमी

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (3) | (2) | (4) |
| (B) | (1) | (4) | (3) | (2) |
| (C) | (4) | (1) | (2) | (3) |
| (D) | (4) | (3) | (2) | (1) |

**13.** Arrange the following inscriptions in the chronological sequence. Select the correct answer from the code given below :

(1) Separate Kalinga Edict

(2) Besnagar Garuda Pillar Inscription

(3) Sohgaura Copper-plate Inscription

(4) Nasik cave Inscription of Nahapana

***Code :***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (4) | (2) | (3) |
| (B) | (2) | (3) | (1) | (4) |
| (C) | (3) | (1) | (2) | (4) |
| (D) | (4) | (2) | (3) | (1) |

**14.** Which of the following pairs is not correctly matched ?

(A) Junagarh Inscription of Rudradaman : Tuśāshpha

(B) Hathigumpha Inscription of Kharavela : Parśvanātha

(C) Udaigiri Cave Inscription of Chandragupta II : Virasena Śāba

(D) Mandasor Stone Inscription of Kumaragupta and Bandhuvarman : Vatsabhatti

**15.** Match List - I with List - II and select the correct answer from the code given below :

| | ***List - I*** ***(Ruler)*** | | ***List - II*** ***(Figure on the Coin)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Chandragupta II | (i) | Pallas |
| (b) | Agathokles | (ii) | Ardoksho |
| (c) | Kshatrapa Rajuvula | (iii) | Balarama |
| (d) | Kanishka | (iv) | Chakra-Purusha |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**16.** Which one of the following inscriptions throws a significant light on the Paśupata sect of Śaivism ?

(A) Taxila Silver Scroll Inscription of the Kushana King

(B) Mathura Pillar Inscription of Chandragupta II

(C) Karamdandā S′ivalinga Inscription of Kumāragupta I

(D) Harhā Inscription of Maukharai King Iśānavarman

**13.** निम्नलिखित अभिलेखों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिये। नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) पृथक कलिंग अभिलेख

(2) बेसनगर गरुड़ स्तम्भ लेख

(3) सोहगौरा ताम्र-पत्र अभिलेख

(4) नहपान का नासिक गुहालेख

***कूट :***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (4) | (2) | (3) |
| (B) | (2) | (3) | (1) | (4) |
| (C) | (3) | (1) | (2) | (4) |
| (D) | (4) | (2) | (3) | (1) |

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख : तुशाष्फ

(B) खारवेल का हाथीगुम्फा अभिलेख : पार्श्वनाथ

(C) चन्द्रगुप्त द्वितीय का उदयगिरि गुहा अभिलेख : वीरसेनशाब

(D) कुमारगुप्त तथा बन्धुवर्मा का मन्दसोर पाषाण अभिलेख : वत्सभट्टि

**15.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये।

| ***सूची - I*** ***( शासक )*** | ***सूची - II*** ***( सिक्के पर अंकित आकृति )*** |
|---|---|
| (a) चन्द्रगुप्त द्वितीय | (i) पल्लस |
| (b) अगाथोक्लीज | (ii) अरदोक्षो |
| (c) क्षत्रप राजुवुल | (iii) बलराम |
| (d) कनिष्क | (iv) चक्र-पुरुष |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**16.** निम्नलिखित में से किस अभिलेख से शैव धर्म के पाशुपत सम्प्रदाय पर महत्वपूर्ण प्रकाश पड़ता है?

(A) कुषाण नरेश का तक्षशिला रजतपत्र अभिलेख

(B) चन्द्रगुप्त द्वितीय का मथुरा स्तम्भ लेख

(C) कुमारगुप्त प्रथम का करमदण्डा शिवलिंग अभिलेख

(D) मौखरि नरेश ईशानवर्मन का हरहा अभिलेख

**17.** The Paditrupputtu is a collection of poems in the praise of which of the following Kings ?

(A) Chola (B) Chera (C) Pandya (D) None of these

**18.** Which one of the following is correctly matched ?

(A) Kural : Kamban

(B) Ahanānūru : Paranar

(C) Puranānūru : Mamulanar

(D) Śilappadigāram : Ilangovadigal

**19.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A)** : From a Nalanda copper-plate we learn that the Pala King Devapala donated five villages for the upkeep of a Buddhist monastery at Nalanda built by Balputradeva, King of Suvarnadvipa and yava-bhumi.

**Reason (R)** : The Pala Kings are chiefly notable for their patronage of Buddhism.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true, but **(R)** is false

(D) **(A)** is false, but **(R)** is true

**20.** Match List - I with List - II and select the correct answer from the code given below the lists :

| | List - I (Thinker) | | List - II (View about history) |
|---|---|---|---|
| (a) | Spengler | (i) | "The fact is....that past in history varies with the present." |
| (b) | Travelyan | (ii) | "History ends not in future but in present." |
| (c) | Oakshot | (iii) | "History is a re-enactment of the past experiences." |
| (d) | Collingwood | (iv) | "The value of history is not scientific. Its true value is educational." |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**17.** पदिट्टुप्पत्तु निम्नलिखित में से किन राजाओं की स्तुतियों का संग्रह है?

(A) चोल (B) चेर (C) पाण्ड्य (D) इनमें से कोई नहीं

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित है?

(A) कुरल : कम्बन

(B) अहनानुरु : परनर

(C) पुरनानुरु : मामुलनर

(D) शिलप्पदिगारम : इलंगोवडिगल

**19.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को **कथन (A)** कहा गया है और दूसरे को **कारण (R)** :

**कथन (A)** : नालन्दा के एक ताम्र-पत्र से हमें ज्ञात होता है कि पाल नरेश देवपाल ने सुवर्ण द्वीप तथा यव-द्वीप के शासक बालपुत्रदेव के द्वारा नालन्दा में निर्मित एक बौद्ध विहार के रख-रखाव के लिये पाँच ग्राम दान में दिये थे।

**कारण (R)** : पाल नरेश मुख्यत: बौद्ध धर्म के संरक्षण के लिये सुविदित हैं।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(C) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(A)** गलत है, किन्तु **(R)** सही है।

**20.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये।

| ***सूची - I*** | ***सूची - II*** |
|---|---|
| ***( विचारक )*** | ***( इतिहास की अवधारणा )*** |
| (a) स्पेंग्लर | (i) ''सच यह है ..... कि इतिहास में अतीत वर्तमान के साथ बदलता है'' |
| (b) ट्रैवेलियन | (ii) ''इतिहास की परिसमाप्ति वर्तमान में होती है न कि भविष्य में'' |
| (c) ओकशॉट | (iii) ''इतिहास अतीत के अनुभवों का पुनर्विधायन है'' |
| (d) कालिंगवुड | (iv) इतिहास का महत्व वैज्ञानिक नहीं है। इसका वास्तविक महत्व शैक्षिक है। |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**21.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A)** : Balban sought to increase the prestige and power of the monarchy, and to centralize all authority in the hands of the Sultan.

**Reason (R)** : He wanted to induct the Mongols into the nobility

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

***Code :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true, but **(R)** is false

(D) **(R)** is true, but **(A)** is false

**22.** Various Sufi orders were introduced in India at different points of time.

Which one of the following represents the correct chronological sequence of the introduction of these Orders ?

(A) The Chishtis - The Suhrawardis - The Qadiris - The Naqshbandis

(B) The Chishtis - The Suhrawardis - The Naqshbandis - The Qadiris

(C) The Suhrawardis - The Chishtis - The Qadiris - The Naqshbandis

(D) The Suhrawardis - The Chishtis - The Naqshbandis - The Qadiris

**23.** Match List - I with List - II and select the correct answer from the code given below :

| | ***List - I*** | | ***List - II*** |
|---|---|---|---|
| | ***(Women Bhakti saints)*** | | ***(Sectarian Association)*** |
| (a) | Akkamahadevi | (i) | Saint-Poetess belonging to the Charandasi sect |
| (b) | Lal Ded | (ii) | Belonging to the Varkari sect |
| (c) | Bahinabai | (iii) | Virashaiva Saint |
| (d) | Sahjo bai | (iv) | Shaivite Bhakti poetess |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**24.** The contemporary chronicle of the Sayyid period is :

(A) Tarikh - i - Mubarakshahi

(B) Waqiat - i - Mushtaqi

(C) Futub - us - Salatin

(D) Masalik - ul - Absar

**21.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को **कथन (A)** कहा गया है और दूसरे को **कारण (R)** :

**कथन (A)** : बलबन ने राजसत्ता की प्रतिष्ठा और शक्ति बढ़ाने की चेष्ठा की एवं समस्त अधिकारों को सुल्तान के हाथों में केन्द्रीकृत करना चाहा।

**कारण (R)** : वह मंगोलों को अमीर वर्ग में भर्ती करना चाहता था।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(R)** सही है, किन्तु **(A)** गलत है।

**22.** अलग अलग समय पर विभिन्न सूफी सिलसिलों का भारत में सूत्रपात हुआ।

निम्नलिखित में से इन सिलसिलों के सूत्रपात के सही कालक्रम का चयन कीजिए।

(A) चिश्ती – सुहरावर्दी – कादिरी – नक्शबंदी

(B) चिश्ती – सुहरावर्दी – नक्शबंदी – कादिरी

(C) सुहरावर्दी – चिश्ती – कादिरी – नक्शबंदी

(D) सुहरावर्दी – चिश्ती – नक्शबंदी – कादिरी

**23.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये।

| | ***सूची - I* (*महिला भक्ति संत*)** | | ***सूची - II* (*सम्प्रदाय*)** |
|---|---|---|---|
| (a) | अक्का महादेवी | (i) | चारणदासी सम्प्रदाय से संबंधित संत कवयित्री |
| (b) | लाल देद | (ii) | वारकरी सम्प्रदाय से संबंधित |
| (c) | बाहिना बाई | (iii) | वीरशैव संत |
| (d) | सहजो बाई | (iv) | शैव भक्त कवयित्री |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**24.** सैयद काल का समकालीन ऐतिहासिक ग्रन्थ है :

(A) तारीख-ए-मुबारकशाही

(B) वाकियात-ए-मुश्ताकी

(C) फतुह-उस-सलातीन

(D) मसालिक-अल-अबसार

**25.** Taraf in the Bahmani Kingdom signified :

(A) Province (B) Lard grant (C) Transit Tax (D) Gold Coin

**26.** Which of the following pairs of authors and their works is not correctly matched ?

(A) Shaikh Quthan - Mirgavati

(B) Manjhan - Madhumalti

(C) Kesavdas - Ramchandrika

(D) Nanddas - Dyan-Manjari

**27.** Which of the following temples of Vijayanagara was substantially rebuilt in Krishnadevaraya's time ?

(A) Nagendrasayana temple (B) Virupaksha temple

(C) Pattabhirama temple (D) Ganigitti Jaina temple

**28.** Match List -I with List - II and select the correct answer from the code given below :

| | ***List - I*** ***(Event)*** | | ***List - II*** ***(Year)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Conquest of Malwa | (i) | 1561 |
| (b) | Closure of the Ibadatkhana | (ii) | 1584 |
| (c) | Introduction of Ilahi era | (iii) | 1592 |
| (d) | Conquest of Orissa | (iv) | 1582 |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**29.** Which of the following Mughal painters according to Abul Fazl-was excellent in drawing of features ?

(A) Abdus Samad (B) Daswant

(C) Mir Saiyid Ali (D) Basawan

**25.** बहमनी राज्य में तरफ से तात्पर्य है :

(A) प्रान्त (B) भूमि अनुदान (C) राहदारी (D) स्वर्ण मुद्रा

**26.** निम्नलिखित लेखकों एवं उनकी रचनाओं के युग्मों में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

(A) शेख कुतबन – मिरगावती

(B) मंझन – मधुमालती

(C) केशवदास – रामचंद्रिका

(D) नंददास – ध्यान मंजरी

**27.** विजयनगर के किस मंदिर का व्यापक रूप से कृष्णदेवराय के काल में पुन: निर्माण कराया गया?

(A) नागेन्द्रशयन मंदिर (B) विरुपाक्ष मंदिर

(C) पट्टाभिराम मंदिर (D) गनिगित्ती जैन मंदिर

**28.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये।

| ***सूची - I*** ***(ऐतिहासिक घटना)*** | ***सूची - II*** ***(वर्ष)*** |
|---|---|
| (a) मालवा विजय | (i) 1561 |
| (b) इबादतखाना को बंद करना | (ii) 1584 |
| (c) इलाही संवत् का सूत्रपात | (iii) 1592 |
| (d) उड़ीसा विजय | (iv) 1582 |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**29.** अबुल फजल के अनुसार कौन सा चित्रकार आकृति अंकन में दक्ष था?

(A) अबदुल समद (B) दसवंत (C) मीर सैयद अली (D) बसावन

**30.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)**, and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A) :** Jahangir estabilished the tradition that the Rana of Mewar would be exempted from personal attendance and service at the Mughal Court.

**Reason (R) :** He wanted to humiliate Raja Man Singh of Amber.

*Code :*

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**
(B) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**
(C) **(A)** is true, but **(R)** is false
(D) **(A)** is false, but **(R)** is true

**31.** Who described Mughal cities as 'Camp Cities' ?

(A) Manucci (B) Bernier
(C) Tavernier (D) Peter Mundi

**32.** Who among the following estimated the total population of India in 1600 at about hundred million ?

(A) Morland (B) Kingsley Davis
(C) Irfan Habib (D) Ashok V. Desai

**33.** The English East India company founded a permanent factory at Surat in the year :

(A) 1611 (B) 1613 (C) 1621 (D) 1626

**34.** Arrange the following in chronological order and select the correct answer from the code given below :

(1) Mughal occupation of Balkh
(2) Khan Jahan Lodi's rebellion
(3) Treaties with Golconda and Bijapur
(4) End of Nizamshahi

Code :

(A) (1), (4), (3), (2) (B) (2), (1), (4), (3)
(C) (2), (4), (3), (1) (D) (3), (2), (1), (4)

**35.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)**, and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A) :** In 1690, Aurangzeb issued a farman, which made the madad-i-maash completely hereditary.

**Reason (R) :** Aurangzeb wanted to bring the Marathas under the control of the Mughals.

*Code :*

(A) Both **(A)** and **(R)** are true, and **(R)** is the correct explanation of **(A)**
(B) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**
(C) **(A)** is true, but **(R)** is false
(D) **(A)** is false, but **(R)** is true

**30.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को **कथन (A)** कहा गया है और दूसरे को **कारण (R)** :

**कथन (A)** : जहाँगीर ने जिस परम्परा को आरंभ किया उसके अन्तर्गत मेवाड़ के राणा को मुगल दरबार में उपस्थित होने एवम् सेवा करने के उत्तरदायित्व से मुक्त कर दिया गया।

**कारण (R)** : वह आमेर के राजा मान सिंह को अपमानित करना चाहता था।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(R)** सही है, किन्तु **(A)** गलत है।

**31.** किसने मुगल शहरों को शिबिर नगर कहा है?

(A) मनुची (B) बर्नियर (C) टैवर्नियर (D) पीटर मंडी

**32.** निम्न में से किसने सन् 1600 में भारत की कुल जनसंख्या को दस करोड़ के लगभग अनुमानित किया?

(A) मोरलैण्ड (B) किंगस्ले डेविस (C) इरफान हबीब (D) अशोक वी. देसाई

**33.** इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने सूरत में स्थायी फैक्टरी की स्थापना निम्न में से किस वर्ष में की?

(A) 1611 (B) 1613 (C) 1621 (D) 1626

**34.** निम्नांकित का सही कालक्रम क्या था? अपने सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से कीजिए।

(1) मुग़लों द्वारा बल्ख पर अधिकार (2) ख़ान जहाँ लोदी का विद्रोह

(3) गोलकुण्डा व बीजापुर से संधि (4) निज़ामशाही का अंत

कूट :

(A) (1), (4), (3), (2) (B) (2), (1), (4), (3)

(C) (2), (4), (3), (1) (D) (3), (2), (1), (4)

**35.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को **कथन (A)** कहा गया है और दूसरे को **कारण (R)** :

**कथन (A)** : वर्ष 1690 में औरंगज़ेब ने एक फरमान द्वारा मदद-ए-माश को पूर्ण रूप से वंशानुगत बना दिया।

**कारण (R)** : औरंगज़ेब मराठों को मुगलों के नियंत्रण में लाना चाहता था।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, और **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(C) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(R)** सही है, किन्तु **(A)** गलत है।

**36.** What was the major change effected by the Act of 1858 ?

(A) The Indian army was reorganized

(B) The Indians were given more representation into the Legislative Council

(C) The power transferred from the East India Company to the British Crown

(D) The East India Company took over direct control over the affairs in India

**37.** Who founded the Bethune college in Calcutta ?

(A) Ishwar Chandra Vidyasagar (B) Raja Ram Mohan Roy

(C) Rabindra Nath Tagore (D) Surendra Nath Banerji

**38.** The partition of Bengal (1905) was annulled by the :

(A) Indian Councils Act of 1909

(B) Chelmsford Montague Report

(C) Proclamation of Delhi Durbar in 1911

(D) Government of India Act of 1935

**39.** Who argued that the theory of de-industrialization was a myth ?

(A) Amiyo Baghchi (B) Daniel Thorner

(C) Morris D. Morris (D) Toru Matsui

**40.** When was the first Industrial Commission set up in India ?

(A) 1916 (B) 1936 (C) 1947 (D) 1950

**41.** In the second half of the 19th Century, British capital was mainly invested in :

(A) Iron and Steel (B) Textile Industry

(C) Plantation Industry (D) Railways

**42.** Gandhi's intervention in the Ahemdabad Mill strike in 1917 resulted in the enhancement of wages for the workers by :

(A) 10% (B) 15% (C) 25% (D) 35%

**43.** 'Dyarchy' in the Provincial government was established by the :

(A) Act of 1892 (B) Act of 1909 (C) Act of 1919 (D) Act of 1935

**44.** The main grievance of the peasants in the Champaran Satyagraha (1917) was regarding the :

(A) abwabs or illegal causes (B) oppression of the landlords

(C) tinkathia system (D) land revenue demands

36. 1858 के अधिनियम द्वारा क्या प्रमुख परिवर्तन स्थापित किया गया था?
(A) भारतीय सेना का पुनर्गठन किया गया।
(B) भारतीयों को व्यवस्थापिका परिषद् में और अधिक प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया।
(C) सत्ता शक्ति ईस्ट इण्डिया कम्पनी से ब्रिटिश क्राउन को स्थानान्तरित हो गई।
(D) ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भारत सम्बन्धी मामलों में अपना सीधा नियंत्रण कर लिया।

37. कलकत्ता में बेथ्यून कॉलेज की स्थापना किसने की थी?
(A) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर (B) राजा राम मोहन रॉय
(C) रविन्द्रनाथ टैगोर (D) सुरेन्द्रनाथ बॅनर्जी

38. बंगाल के विभाजन (1905) को समाप्त कर दिया गया था :
(A) इण्डियन काउन्सिल ऐक्ट 1909 के द्वारा
(B) चेम्सफोर्ड मॉंटेग्यू रिपोर्ट द्वारा
(C) 1911 की दिल्ली दरबार घोषणा द्वारा
(D) गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया अधिनियम 1935 के द्वारा

39. किसने तर्क दिया की अन-औद्योगीकरण का सिद्धान्त एक मिथक था?
(A) अमियो बाग़ची (B) डेनियल थार्नर (C) मारिस डी मारिस (D) तोरु मतसुई

40. भारत में पहला औद्योगिक आयोग का गठन कब किया गया था?
(A) 1916 (B) 1936 (C) 1947 (D) 1950

41. 19 वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश पूँजी का मुख्यत: निवेश किया गया :
(A) लोहा और इस्पात में (B) कपड़ा उद्योग में
(C) पौधा रोपड़ उद्योग में (D) रेलवे में

42. 1917 में अहमदाबाद मिल मज़दूरों की हड़ताल में गाँधी के हस्तक्षेप के कारण मज़दूरी में वृद्धि हो गई :
(A) 10% (B) 15% (C) 25% (D) 35%

43. प्रान्तीय सरकार में द्वैध शासन की स्थापना की गयी थी :
(A) 1892 के अधिनियम द्वारा (B) 1909 के अधिनियम द्वारा
(C) 1919 के अधिनियम द्वारा (D) 1935 के अधिनियम द्वारा

44. चम्पारन के सत्याग्रह (1917) में कृषकों का मुख्य असन्तोष किस के बारे में था?
(A) अबवाबों या ग़ैर कानूनी मांग के विरुद्ध (B) भूस्वामियों के उत्पीड़न पर
(C) तिनकठिया व्यवस्था पर (D) भूराजस्व की मांग पर

45. Match the List - I with List - II and select the correct answer :

| List - I | | List - II | |
|---|---|---|---|
| (a) | Chaudhry Khaliquzzaman | (i) | India Wins Freedom |
| (b) | Jawaharlal Nehru | (ii) | Pathway to Pakistan |
| (c) | Maulana Abul Kalam Azad | (iii) | India Divided |
| (d) | Dr. Rajendra Prasad | (iv) | Discovery of India |

***Codes :***

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

46. The Silk Letter conspiracy was organized by :
(A) Maulana Abdul Bari and Maulana Mohammad Ali
(B) Maulana Obeidullah Sindhi and Maulana Barkatullah
(C) Maulana Abul Kalam Azad and Maulana Mahmud Hasan
(D) Raja Mahendra Pratap and Von Hentig

47. During Renaissance the study of Greco-Roman classics came to be known as :
(A) Individualism (B) Hedonism
(C) Humanism (D) Scholasticism

48. Who called commerce as 'a perpetual war of wit and energy among all nations' ?
(A) Jean Bodin (B) Jean Baptiste Colbert
(C) Thomas Mun (D) Thomas Hobbes

49. Calvinists in France were called :
(A) Catholics (B) Huguenots (C) Presbyterians (D) Puritans

50. Who amongst the following was known as the Prince of humanists ?
(A) Desidarius Erasmus (B) John Colet
(C) Thomas More (D) Francesco Petrarch

- o O o -

**45.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये।

| ***सूची - I*** | | ***सूची - II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | चौधरी ख़लीकुज्ज़मान | (i) | इण्डिया विन्स फ्रीडम |
| (b) | जवाहरलाल नेहरू | (ii) | पाथवे टू पाकिस्तान |
| (c) | मौलाना अबुल कलाम आज़ाद | (iii) | इण्डिया डिवाइडेड |
| (d) | डॉ० राजेन्द्र प्रसाद | (iv) | डिस्कवरी ऑफ इण्डिया |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**46.** रेशमी रुमाल तहरीक षड्यन्त्र की योजना बनायी थी :

(A) मौलाना अब्दुल बारी और मौलाना मुहम्मद अली

(B) मौलाना उबैदुल्ला सिन्धी और मौलाना बरक़तउल्ला

(C) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद और मौलाना मुहमूद हसन

(D) राजा महेन्द्र प्रताप और वॉन हेन्टिग

**47.** रेनेंसाँ (पुनर्जागरण) काल में ग्रीकों-रोमन क्लासिकों के अध्ययन को जाना जाता है :

(A) व्यक्तिवाद (इण्डीविजुअलिज़्म)
(B) सुखवाद (हेडोनिज़्म)
(C) मानववाद (ह्यूमनिज़्म)
(D) पांडित्यवाद (स्कोलेसटिज़्म)

**48.** किसने कहा कि वाणिज्य 'एक लगातार युद्ध है चातुर्य और क्षमता के लिए सभी राष्ट्रों के बीच में'?

(A) ज़ाँ बोदाँ
(B) ज़ाँ बैपतिस्ट कोलबेयर
(C) थॉमस मन
(D) थॉमस हाब्स

**49.** फ्रान्स में केल्विनिनवादियों को किस नाम से जाना जाता है?

(A) कैथोलिक
(B) ह्यूजेनोज़
(C) प्रेसबिटेरियनस
(D) प्योरिटन्स

**50.** निम्नलिखित में से किसे 'मानववादियों का राजकुमार' के रूप में जाना गया?

(A) डेसीडेरियस इरैसमस
(B) जॉन कोलेट
(C) थॉमस मोर
(D) फ्रान्सेस्कों पेट्रार्क

- o O o -

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide